भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं0 2036

04 जुलाई,2019 को उत्तर के लिए

fnYyh&ejB jfiM jy VkftV flLVe

2036. Jh fur'k xxk nc

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या दिल्ली–मेरठ रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) का कार्य आरंभ हो चुका है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस परियोजना के साझेदार कौन–कौन हैं और इसकी कुल लागत कितनी है;

(ग) इस परियोजना के कब तक पूरे होने की संभावना है;

(घ) क्या इस सिस्टम के अंतर्गत इसके स्टेशनों पर बस टर्मिनलों, रेलवे स्टेशनों और मेट्रो स्टेशनों सहित मल्टीमॉडल समेकन होगा; और

(ङ) यदि हां, तो इस परियोजना के लिए कौन–कौन से स्टेशन चिन्हित किए गए हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार)

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (ग) : जी हां । राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने सूचित किया है कि दिल्ली मेरठ क्षेत्रीय तीव्र परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) कॉरिडोर के साहिबाबाद और दुहाई (दुहाई डिपो सहित) के बीच 17 कि.मी. के वरीयता खण्ड़ का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना के हितधारक भारत सरकार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार है । दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कोरिडोर की कुल अनुमानित लागत 30,274 करोड़ रूपये है । इस परियोजना के छह वर्षों में पूरा किए जाने की संभावना है ।

(घ) और (ड.) : जी, हां । एनसीआरटीसी ने सूचित किया है कि दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर बहु-आयामी एकीकरण के लिए सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, आनन्द विहार, साहिबाबाद, गाजियाबाद, मुराद नगर, भैसाली और बेगमपुल स्टेशन की पहचान की गई है ।

******